Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़

विकास आयुक्त कार्यालय
छत्तीसगढ़, रायपुर

// आदेश //

रायपुर, दिनाँक 28 / 07 / 2017

क्रमांक 3652 / 2381 / 737 / स्था / वि–3 / ग्रायांसे / 2012 :: कलेक्टर, जिला जशपुर की अध्यक्षता में गठित समिति की अनुशंसा के आधार पर निम्नलिखित उम्मीद्वार को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न रूप से ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत् ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में **सहायक वर्ग–3** के पद पर वेतनमान रुपये 5200–20200 ग्रेड वेतन 1900 के तत्स्थानी वेतन छ.ग.वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के लेवल–4 में रु. 19500 न्यूनतम् वेतन एवं समय–समय पर देय अन्य भत्ते पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर नियुक्त किया जाकर, उनके नाम के सामने दर्शाये गये कार्यालय में पदस्थ किया जाता है :–

क्र.	अभ्यर्थी का नाम	पिता / पति का नाम	जाति	चयनित श्रेणी	पत्र व्यवहार का पता	पदस्थापनां कार्यालय
1	2	3	4	5	6	7
1	श्री प्रह्लाद कुमार कश्यप	श्री विनोद कुमार कश्यप	अपिवर्ग	अनारक्षित (मुक्त)	ग्रा.व पो. दुलदुला, जिला, जशपुर	कार्यालय अनु.अधि., ग्रा.यां.सेवा उपसंभाग, दुलदुला, जिला जशपुर
2	श्री पुनीतराम यादव	श्री घुरोराम	अपवर्ग	अपिवर्ग (मुक्त)	ग्रा.झिक्की, पो. कोकियाखार, तह. पत्थलगांव, जि. जशपुर	कार्यालय अनु.अधि., ग्रा.यां.सेवा उपसंभाग, कांसाबेल, जिला जशपुर
3	श्री कृपा सागर	श्री सुरेन्द्र कुमार	अ.ज.जा	अ.ज.जा (मुक्त)	ग्रा–मयूर नाचा, (भेलवाटाली), पो. बागबहार, जिला जशपुर	कार्यालय अनु.अधि., ग्रा.यां.सेवा उपसंभाग, फरसाबहार, जिला जशपुर
4	श्री बिन्देश्वर भगत	श्री बितनाराम	अ.ज.जा	अ.ज.जा (मुक्त)	ग्रा. बालाछापर, पो. इचकेला, जिला जशपुर	कार्यालय अनु.अधि., ग्रा.यां.सेवा उपसंभाग, मनोरा, जिला जशपुर
5	श्री. दीपक कुमार	श्री महाकेश्वर राम	अ.ज.जा	अ.ज.जा (मुक्त)	ग्रा. बालाछापर, पो. इचकेला, जिला जशपुर	कार्यालय अनु.अधि., ग्रा.यां.सेवा उपसंभाग, बगीचा, जिला जशपुर
6	कु. रूपा लहरे	श्री सेतराम लहरे	अजा.	अजा (मुक्त)	ग्राम गोढ़ीकला (कोंटापारा), पो. दीवानपुर, तह. पत्थलगांव, जि. जशपुर	कार्यालय कार्य.अभि. ग्रा.यां.सेवा संभाग, जशपुर, जिला जशपुर
7	श्री रोशन कुमार खड़िया	श्री सनुराम	अ.ज.जा	अ.ज.जा (मुक्त)	ग्रा.व पो. कोतबा, तह.पत्थलगांव, जिला जशपुर	कार्यालय अनु.अधि., ग्रा.यां.सेवा उपसंभाग, जशपुर, जिला जशपुर

क्र.	अभ्यर्थी का नाम	पिता/ पति का नाम	जाति	चयनित श्रेणी	पत्र व्यवहार का पता	पदस्थापना कार्यालय
1	2	3	4	5	6	7
8	कु.अरूणाकांता खलखो	श्री अधनस खलखो	अजजा	अ.ज.जा (महिला)	ग्रामीण विकास संभाग, छ.ग.ग्रा.वि. अभि. जशपुर	कार्यालय अनु.अधि., ग्रा.यां.सेवा उपसंभाग, पत्थलगांव, जिला जशपुर

नियुक्ति की शर्तें निम्नानुसार है :–

1. छत्तीसगढ़ शासकीय सेवा अस्थाई तथा अर्द्धस्थायी सेवा नियम 1960 के नियम–12 के अनुसार उम्मीद्वार की सेवाएं किसी भी समय किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की लिखित सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन व भत्ता देकर समाप्त की जा सकेंगी।

2. उम्मीद्वार के द्वारा एक माह का नोटिस दिये बिना या उसके एवज में एक माह का वेतन तथा भत्ते का भुगतान किये बिना शासकीय सेवा छोड़ने पर उक्त शर्तों पर देय रकम उम्मीद्वार से भू–राजस्व के बकाया की भांति वसूली योग्य होगी।

3. परिवीक्षा अवधि में न्यूनतम् वेतन देय होगी। परिवीक्षाकाल कुशलतापूर्वक पूर्ण करने पर नियमानुसार परिवीक्षा अवधि समाप्ति बाबत् आदेश जारी करने पर वेतनवृद्धि का नियमन किया जावेगा। परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं करने पर परिवीक्षा अवधि 01 वर्ष बढ़ाया जावेगा।

4. परिवीक्षा अवधि में किसी प्रकार का स्थानांतरण आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। परिवीक्षा अवधि में यदि स्थानांतरण आवेदन प्रस्तुत किया जावेगा तो उम्मीद्वार को उक्त पद के लिए अयोग्य मानते हुए उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी जावेगी।

5. प्रमाणित किया जाता है कि नियुक्ति में शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमों का पालन किया गया है।

6. उम्मीद्वार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र पदभार ग्रहण करते समय प्रस्तुत करना होगा।

7. नियुक्ति स्थान पर पदभार ग्रहण करने हेतु किसी भी प्रकार की कोई भत्ता देय नहीं होगा।

8. उम्मीद्वार को इस आदेश की जारी दिनांक से 30 दिनों के अंदर अपने नाम के समक्ष दर्शाये गये स्थान में कार्यालयीन समय /दिवस पर संबंधित अधिकारी को उपस्थिति देनी होगी, अन्यथा यह मानकर कि वे इस पद पर नहीं आना चाहते हैं, उनकी नियुक्ति आदेश निरस्त समझा जावेगा।

9. पदस्थापना कार्यालय में उपस्थिति देते समय शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, उच्च स्तरीय छानबीन समिति से सत्यापित जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत करेंगे।

10. सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ–13–4/2006/आ.प्र./1–3, नया रायपुर, दिनाँक 29 जून, 2013 की कंडिका–6(2) अनुसार आरक्षित पद पर नियुक्त अभ्यर्थी को उपस्थिति के समय निर्धारित प्रारूप (एक) में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा जो ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के पोर्टल (http://cg.nic.in/resworks) में उपलब्ध है।

11. चयनित अभ्यर्थी उपस्थिति प्रस्तुत करते समय संलग्न प्रपत्र में अनुप्रमाणन प्रमाण पत्र भरकर शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत करें।

12. पुलिस अधीक्षक से प्राप्त अनुप्रमाणन (चरित्र सत्यापन) प्रमाण पत्र में यदि आपराधिक गतिविधियां पायी जाती है अथवा शासकीय सेवा से अयोग्य घोषित किया जाता है तो सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जावेगी । इस आशय का शपथ पत्र कार्यभार ग्रहण करते समय अनिवार्य रूप से प्राप्त किया जावें तथा सेवा पुस्तिका में इसकी प्रविष्टि की जावे ।

13. आरक्षित प्रवर्ग – (अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति /अन्य पिछड़ा वर्ग) के सदस्य होने संबंधी दी गई जानकारी /प्रमाण पत्र यदि गलत पाये गये तो संबंधित अधिकारी द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना दिये सेवा से पृथक कर दिया जावेगा, जिसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा तथा उसके विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता के प्रावधानों के तहत् कार्यवाही भी की जा सकेगी।

14. वित्त विभाग के ज्ञापन क्रमांक 980/सी–761/वि/नि./चार/4, दिनांक 27.02.2004 के अनुसार नियुक्त अभ्यर्थियों के लिए नयी परिभाषित अंशदान आधारित पेंशन योजना लागू होगा।

15. परिवीक्षा अवधि समाप्त होने पर अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ राज्य के **जशपुर** जिले में कहीं भी उक्त पद एवं वेतनमान पर स्थानांतरण किया जा सकता है, इसके विरूद्ध कोई अभ्यावेदन या याचिका स्वीकार्य नहीं की जावेगी। नियुक्ति के मूल पद पर अभ्यर्थी को अन्य जिले में स्थानांतरण की पात्रता नहीं होगी।

16. पदस्थ किये गये **सहायक वर्ग–3** के कार्यभार ग्रहण करने की जानकारी संबंधित अधिकारी द्वारा इस कार्यालय को तत्काल अवगत् कराया जावे।

17. उक्त नियुक्ति रिट पीटीशन (सी) क्रमांक 591/2012, क्रमांक 592/2012, क्रमांक 593/2012 तथा क्रमांक 594/2012 में माननीय छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा पारित अंतिम निर्णय के अध्यधीन होगी।

(विकास आयुक्त द्वारा आदेशित)

(एस.के.गुप्ता)
मुख्य अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
विकास आयुक्त कार्यालय
छत्तीसगढ़, रायपुर

पृ.क्र.3653/2381/737/स्था/वि–3/ग्रायांसे/12 रायपुर, दिनाँक28/07/2015

प्रतिलिपि :–

1. अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर।
2. संभागीय आयुक्त, सरगुजा।
3. कलेक्टर, जिला जशपुर, छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जशपुर (छ.ग.)।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिप्स **(CHiPS),** आरडीए बिल्डिंग द्वितीय तल, शास्त्री चौक, जी.ई. रोड रायपुर, छत्तीसगढ़ को उक्त आदेश की प्रति शासकीय पोर्टल में उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित।
6. अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सरगुजा मण्डल, अंबिकापुर।
7. राज्य सूचना अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र **(NIC)** रायपुर छत्तीसगढ़ को उक्त आदेश की प्रति एवं संलग्न शपथ पत्र प्रारूप (एक) ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के पोर्टल में उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित।
8. कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, जशपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
9. अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग, दुलदुला/कांसाबेल /फरसाबहार/मनोरा/बगीचा/जशपुर/पत्थलगांव, जिला जशपुर को सूचनार्थ।
10. श्री/श्रीमती/कु. ..... की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ। अनुप्रमाणन फार्म एवं शपथ पत्र प्रारूप संलग्न है। कृपया 10/– के नान ज्यूडिशियल स्टाम में नोटरी से सत्यापित कराकर शपथ एवं अनुप्रमाणन फार्म भरकर, दो प्रति में कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जशपुर में जमा करें।

मुख्य अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
विकास आयुक्त कार्यालय
छत्तीसगढ़, रायपुर